रीइमेजिनिंग ग्लोबलाइजेशन पर आईआईएम में चर्चा

ग्लोबल कॉन्फ्रेंस

रांची, वरीय संवाददाता। आईआईएम रांची में बुधवार को इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर डेटा साइंसेज एंड इनोवेशन (आईएसडीएसआई) के ग्लोबल कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि ऑपरेटिंग पार्टनर एडवेंट इंटरनेशनल डी शिवकुमार, वक्ता प्रो जगदीश एन सेठ, आईआईएम रांची के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव, आईआईएम नागपुर के निदेशक डॉ भीमराया मैत्री व आईएसडीएसआई सचिव रवि कुमार जैन ने इसका शुभारंभ किया। विषय रीइमेजिनिंग ग्लोबलाइजेशन है। चार प्रमुख उप विषयों में अंतरराष्ट्रीयकरण, सामाजिक प्रभाव, नवीनता और प्रभावशाली अनुसंधान शामिल हैं।

593 रिसर्च पेपर प्राप्त हुए: प्रो राजेश जैन ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में तीन दिनों तक बौद्धिक चर्चा व पैनल सत्र का संचालन होगा। इसके लिए कुल 593 रिसर्च पेपर प्राप्त हुए हैं, जो आईआईएम, आईआईटी, प्रमुख बिजनेस स्कूल और केंद्रीय विश्वविद्यालयों के प्रबंधन विभाग सहित दुनिया भर के 1078 लेखकों द्वारा लिखी गई हैं। प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने आईआईएम रांची के बारे में जानकारी दी, भावी योजनाओं के बारे में भी बताया।



आईआईएम में बुधवार को इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर डेटा साइंसेज एंड इनोवेशन के ग्लोबल कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन के दौरान अतिथियों का स्वागत करते प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव।

Hindustan_28.12.2023_Pg. 04